प्रेस विज्ञप्ति

स्नातक स्तर की प्रथम प्रवेश सूची दिनाँक 29 जून 2026 को होगी जारी

राजस्थान विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालयों के लिए प्रथम प्रवेश सूची दिनाँक 29 जून को जारी की जाएगी। केंद्रीय प्रवेश समिति के संयोजक प्रोफेसर राम अवतार शर्मा ने बताया कि सत्र 2026–27 की वरीयता आधारित नवीन प्रवेश प्रक्रिया राजस्थान विश्वविद्यालय के चारों संघटक महाविद्यालयों के पाठ्यक्रमों यथा बी.ए./बी. कॉम./बी.एससी./बी.सी.ए./बी. बी.ए. एवं ललित कला संकाय के स्नातक पाठ्यक्रम बी.पी.ए./बी.वी.ए. में सेमेस्टर स्कीम के तहत तीन/चार वर्षीय पाठ्यक्रमों तथा बी.टेक./एम.टेक. में प्रथम प्रवेश सूची दिनाँक 29 जून 2026 को जारी की जाएगी। प्रथम प्रवेश सूची में चयनित विद्यार्थियों को दिनांक 30 जून 2026 से 02 जुलाई 2026 तक दस्तावेज सत्यापन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। विधार्थी दस्तावेज सत्यापन के बाद अपनी निर्धारित फीस https://www.uniofraj.org पर जाकर जमा करवा सकते है। फीस जमा करने की अंतिम दिनांक 03 जुलाई 2026 है।

24/6/2026

प्रोफेसर राम अवतार शर्मा
संयोजक
केंद्रीय प्रवेश समिति 2026